# अध्याय - 1| संसाधन एवं विकास

QUIZ PART-01

1. **संसाधनों को उपयोगी बनने के लिए किस चार विशेषताओं का होना आवश्यक है?**
   A. जीवन, उपयोग, स्थान, समय
   B. उपयोग, मूल्य, जीवन, मांग
   C. आवश्यकताओं की पूर्ति, प्रौद्योगिकी, आर्थिक संभावना, सांस्कृतिक स्वीकृति
   D. उत्पादन, वितरण, खपत, व्यापार (C)

*व्याख्या :* एक वस्तु तभी संसाधन बनती है जब वह आवश्यकताओं की पूर्ति करे, उसे प्रौद्योगिकी द्वारा प्राप्त किया जा सके, वह आर्थिक रूप से संभाव्य हो और सांस्कृतिक रूप से मान्य हो।

2. **संसाधनों का उत्पत्ति के आधार पर वर्गीकरण कैसे किया जाता है?**
   A. नवीकरणीय और अनवीकरणीय
   B. भंडार और संभावी
   C. जैव और अजैव
   D. व्यक्तिगत और सामुदायिक (C)

*व्याख्या :* उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों को जैव (जैसे – वन, जीव-जंतु) और अजैव (जैसे – धातु, जल) में बाँटा जाता है।

3. **मृदा, जल, वन, पवन आदि किस प्रकार के संसाधन हैं?**
   A. अनवीकरणीय संसाधन
   B. जैविक संसाधन
   C. प्राकृतिक  संसाधन
   D. मानव निर्मित संसाधन (C)

*व्याख्या :* ये सभी संसाधन प्रकृति से प्राप्त होते हैं, इसलिए इन्हें प्राकृतक संसाधन कहा जाता है।

4. **कौन-सा संसाधन नवीकरणीय नहीं है?**
   A. जल
   B. पवन
   C. वन
   D. जीवाश्म ईंधन (D)

*व्याख्या :* जीवाश्म ईंधन सीमित मात्रा में उपलब्ध होते हैं और इन्हें पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता, इसलिए ये अनवीकरणीय संसाधन हैं।

5. **लौह अयस्क किस श्रेणी का संसाधन है?**
   A. नवीकरणीय B. जैव
   C. सतत D. अनवीकरणीय (D)

*व्याख्या :* लौह अयस्क एक खनिज है जिसे पुनः उत्पन्न नहीं किया जा सकता, अतः यह अनवीकरणीय संसाधन है।

6. **वे संसाधन जिन्हें अभी तक उपयोग में नहीं लाया गया लेकिन तकनीकी रूप से संभव हैं, क्या कहलाते हैं?**
   A. भंडार B. संभावी
   C. संचित कोष D. विकसित (B)

*व्याख्या :* संभावी संसाधन वे होते हैं जो पर्यावरण में मौजूद हैं और मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने की क्षमता रखते हैं, परंतु अभी तक उपयुक्त तकनीक विकसित नहीं हुई है।

7. **"मानव स्वयं भी एक संसाधन है" – इसका क्या तात्पर्य है?**
   A. मानव केवल संसाधनों का उपभोक्ता है
   B. मानव पर्यावरण को नष्ट करता है
   C. मानव संसाधनों को निर्माण और उपयोग करने की क्षमता रखता है
   D. मानव प्रकृति से अलग है (C)

*व्याख्या :* मानव में पर्यावरणीय तत्वों को संसाधनों में बदलने और उनका उपयोग करने की क्षमता होती है, इसीलिए मानव स्वयं भी एक महत्वपूर्ण संसाधन है।

8. **संसाधनों का विकास किन कारकों पर निर्भर करता है?**
   A. केवल प्रकृति पर
   B. केवल आर्थिक पूंजी पर
   C. प्रौद्योगिकी, मानव, प्रकृति और संस्थाओं पर
   D. केवल सरकार की नीतियों पर (C)

*व्याख्या :* संसाधनों का विकास मानव, प्रौद्योगिकी, प्रकृति और संस्थाओं के आपसी संबंधों पर आधारित होता है।

9. **नवीकरणीय संसाधन की एक विशेषता क्या है?**
   A. ये बहुत महंगे होते हैं
   B. इनका पुनः निर्माण संभव नहीं है
   C. समय के साथ ये नष्ट हो जाते हैं
   D. ये प्राकृतिक चक्र के माध्यम से पुनः प्राप्त किए जा सकते हैं (D)

*व्याख्या :* नवीकरणीय संसाधन जैसे जल, पवन, आदि प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा पुनः प्राप्त किए जा सकते हैं।

10. **निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधनों के स्वामित्व का आधार नहीं है?**
   A. व्यक्तिगत B. सामुदायिक
   C. सार्वजनिक D. अंतरिक्षीय (D)

*व्याख्या :* संसाधनों के स्वामित्व को व्यक्तिगत, सामुदायिक, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय श्रेणियों में बाँटा जाता है। "अंतरिक्षीय" कोई मान्य श्रेणी नहीं है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जो चाहें
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App